उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक— 2523 / चयन / 164—2021 / 2022—23 दिनांकः 13.11. 2022

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या 03 / 2013 संस्था प्रधान के प्रकाशित विज्ञापन दिनाँक 31.12.2013 में संशोधित विज्ञप्ति 06.02.2014 को जारी हुई जिसमें आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 25 फरवरी 2014 थी। आवेदन की अन्तिम तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों को बोर्ड द्वारा आनलाइन करने के उपरान्त अभ्यर्थियों से पूर्व प्रदत्त सूचना का सत्यापन कराया गया। तदुपरान्त उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली,1998 के नियम 12(4)(ग)(पाँच) में निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए सभी अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार की गई तथा साक्षात्कार सम्पन्न कराया गया।

साक्षात्कार के उपरान्त उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली, 1998 के नियम 12(8) के अनुसार **मण्डल लखनऊ (वर्ग—01, वर्ग—02, वर्ग—03, वर्ग—04)** का संस्थावार पैनल चयन बोर्ड द्वारा आज दिनाँक 13.11.2022 को जारी कर दिया गया है, जो बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट www.upsessb.org पर उपलब्ध हैं। उक्त परिणाम याचिका संख्या 761 / 2022, याचिका संख्या 4501 / 2022, याचिका संख्या 4825 / 2022, याचिका संख्या 1582 / 2022, याचिका संख्या 461 / 2022, याचिका संख्या 5164 / 2022, याचिका संख्या 5771 / 2022, याचिका संख्या 1685 / 2022, एवं याचिका संख्या 1718 / 2022 में मा0 उच्च न्यायालय के अन्तिम आदेश के अधीन रहेगा।

वर्ग 03 की संस्था जी0पी0आर0पी0 इ0का0 कुर्री सुदौली, रायबरेली का परिणाम याचिका संख्या 1790 / 2022 में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जारी नही किया गया है

सचिव

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,

प्रयागराज।